उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 01.11.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा "यातायात माह नवम्बर-2024 का किया गया शुभारंभ...।

जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुनयोजित तरीके से गतिमान बनाये रखने के उद्देश्य से व आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति सजग/जागरुक किये जाने हेतु आज दिनांक 01.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन तिराहा के पास अवस्थित यातायात कार्यालय में फीता काटकर व यातायात जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर **"यातयात माह नवम्बर-2024"** का शुभारंभ किया गया व मौजूद लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अपने वक्तव्य में यातायात जागरूकता के सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित सम्मानित समाजसेवियों, व्यापारियों, गणमान्य/संभ्रांत व्यक्तियों सहित पत्रकार बन्धुओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए, यातायात सम्बन्धी नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक कर नियमों को पालन करने की अपील की गयी साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने की हिदायत भी दी गयी, यह भी बताया गया कि यातायात नियमों के पालन से ही वाहन दुर्घटनाओ से बचा जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा बताया गया कि यातायात माह नवम्बर-2024 के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबन्ध लेखन एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा, इसके अतिरिक्त यातायात जागरूकता हेतु जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा जनपद में भ्रमण कर आमजन को यातायात के नियमों को पालन करने के लिए जागरूक किया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, एआरटीओ महोबा, क्षेत्राधिकारी नगर, पीआरओ पुलिस अधीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा सहित समाजसेवी, पत्रकार बन्धु व पुलिस कर्माचारीगण मौजूद रहे।

थाना खरेला पुलिस की टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 27 नफर अभियुक्तो को किया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 47,480/- रुपये सहित 52 अदद ताश पत्ता बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अवैध जुआ,सट्टा तथा उसमें संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा थाना स्थानीय पर 04 टीमों का गठन किया गया था गठित टीमों द्वारा 04 स्थान क्रमशः 1. कस्बा खरेला से 06 नफर अभियुक्त 2.मु0 बादशाहनगर कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा से 06 नफर अभियुक्त 3. ग्राम धवारी से 08 नफर अभियुक्त तथा 4. शनिचरी बाजार मु0 सादराय से 07 नफर अभियुक्तगणों को सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्तो से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर जिनके विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 130/24, 131/24, 132/24 व 133/24 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. व0उ0नि0 अरविन्द कुमार उपाध्याय मय टीम
2. उ0नि0 राजकुमार मय टीम
3. उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश मय टीम

गिरफ्तार अभि0 गण का विवरणः-

1.संदीप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह उम्र 30 वर्ष 2.अखिलेन्द्र उर्फ सानू सिंह पुत्र अशोक सिंह उम्र 25 वर्ष नि0गण कस्बा खरेला जनपद महोबा 3.उमेश सिंह पुत्र महेश्वरीदीन उम्र 44 वर्ष निवासी मु0 हले कस्बा व थाना खरेला 4.बब्लू अहिरवार पुत्र बच्चू अहिरवार उम्र 22 वर्ष नि0 मु0 जालिब कस्बा व थाना खरेला महोबा 5.आनन्द कुमार सिंह पुत्र वीर सिंह उम्र 58 वर्ष नि0मु0 सादराय कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा 6.सौरभ तिवारी पुत्र उमाशंकर तिवारी उम्र 28 वर्ष नि0मु0 हले कस्बा व थाना खरेला महोबा 7.धर्मेन्द्र प्रजापति पुत्र रामखेलावन उम्र करीब 29 वर्ष 8. महेन्द्र कुमार अहिरवार उर्फ उमेश कुमार पुत्र दशाराम उम्र करीब 29 वर्ष 9.शेर सिंह अहिरवार पुत्र जय सिंह उम्र करीब 21 वर्ष 10. रामलाल अहिरवार पुत्र श्रीपाल उम्र करीब 31 वर्ष 11.लल्लू उर्फ लाल दीवान पुत्र स्व0 प्रताप अहिरवार उम्र करीब 40 वर्ष 12. रामऔतार पुत्र मूलचन्द श्रीवास उम्र 35 वर्ष समस्त निवासीगण मु0 बादशाह नगर कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा 13.जयराम अहिरवार पुत्र टीकाराम अहिरवार उम्र करीब 35 वर्ष 14. इन्द्रपाल अहिरवार पुत्र स्व0 दुर्गा अहिरवार उम्र करीब 37 वर्ष 15.लखन अहिरवार पुत्र कमल अहिरवार उम्र करीब 26 वर्ष 16. हरप्रसाद अहिरवार पुत्र टीकाराम अहिरवार उम्र करीब 35 वर्ष 17.रमेश कुमार अहिरवार पुत्र कृष्णा अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष 18.राजेन्द्र कुमार अहिरवार पुत्र बबलू अहिरवार उम्र 32 वर्ष 19. जयराम कुशवाहा पुत्र ईश्वरदयाल उम्र करीब 35 वर्ष 20. क्षत्रपाल अहिरवार पुत्र कमल अहिरवार उम्र करीब 35 वर्ष समस्त निवासी गण ग्राम धवारी थाना खरेला जनपद महोबा 21. संतोष पुत्र कल्लू उम्र 35 वर्ष 22.महेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुन्दरलाल उम्र करीब 30 वर्ष 23.रविप्रताप सिंह पुत्र परशुराम सिंह उम्र करीब 35 वर्ष 24. भूरा सिंह पुत्र हल्के सिंह उम्र करीब 42 वर्ष 25.अनिल सिंह पुत्र सीताराम उम्र करीब 20 वर्ष 26. गनपत पुत्र जग्गा उम्र करीब 50 वर्ष 27. घनश्याम पुत्र मूलचन्द उम्र करीब 45 वर्ष निवासी गण मु0 सादराय कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा